बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-625
21/09/2026

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 भोला पासवान शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नमन किया

पटना 21 सितम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 भोला पासवान शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण स्मारक भवन परिसर, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में स्व0 भोला पासवान शास्त्री जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधायक श्री श्याम रजक, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 भोला पासवान शास्त्री जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

******